भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 2906
उत्तर देने की तारीख: गुरुवार, 13 अगस्त, 2026
22 श्रावण, 1948 (शक)

मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि परिसर

2906. **श्री गोविंदभाई लालजी भाई धोलकियाः**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि परिसर भारत की सबसे पवित्र और ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है;
(ख) क्या इस परिसर का संरक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जा रहा है;
(ग) क्या न्यायालय के आदेश पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया जा रहा है; और
(घ) क्या सरकार की अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर के विकास की तरह श्री कृष्ण जन्मभूमि परिसर के विकास की कोई योजना है?

उत्तर

संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): मथुरा में स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि परिसर सबसे प्रसिद्ध और पवित्र स्थान है।
(ख): यह परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित स्मारक नहीं है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा इस परिसर में कोई संरक्षण कार्य नहीं किया गया है।
(ग): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा श्री कृष्ण जन्मभूमि परिसर का कोई वैज्ञानिक सर्वेक्षण नहीं किया जा रहा है।
(घ): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास अभी तक ऐसी कोई योजना नहीं है।

*****